ग्वालियर एमआईटीएस की जागृति ने जीता 'बिरला व्हाइट युवारत्न' अॅवार्ड

एजेंसी ▶▶| मुंबई

राजश्री बिरला ने विजेता को सम्मानित किया

ग्वालियर के माधव इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (एमआईटीएस) में चौथे वर्ष की स्टूडेंट जागृति जैन ने भारत का सर्वोत्तम डिजाइन पुरस्कार प्राप्त किया है।

पिछले साल घोषित की गई 'बिरला व्हाइट युवारत्न' प्रतियोगिता के एक हिस्से के रूप में, उसने अमरावती कन्वेंशन सेंटर का कॉन्सेप्ट डिजाइन किया था। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बिरला व्हाइट को 100 संस्थानों से 2,000 से ज्यादा प्रविष्टियां मिली।

■ अमरावती कन्वेंशन सेंटर का कॉन्सेप्ट डिजाइन किया था

जागृति जैन ने कहा, "एमआईटीएस की ओर से विजेता के रूप में स्वयं के नाम की घोषणा सुनकर मैं काफी उत्साहित हुई थी। मुंबई में पिछले सप्ताह हुई फाइनल प्रतियोगिता में विजेताओं ने अपने प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया।

आदित्य बिरला ग्रुप की कंपनियों की डायरेक्टर बोर्ड मेंबर राजश्री बिरला ने भारत के मशहूर वास्तुकारों और निर्माण क्षेत्र से जुड़े प्रोफेशनल्स की मौजूदगी में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। विजेताओं का चयन जूरी में मशहूर, आर्किटेक्ट राजीव साठे, आर्किटेक्ट चेतन वैद्य, आर्किटेक्ट न्ला भनागर, आर्किटेक्ट रामास्वमी नातेसय्यर, आर्किटेक्ट रविमा कृष्ण राव और आर्किटेक्ट नितांत गुप्ता शामिल थे। बिरला व्हाइट के सीईओ डॉ. सुनील कुलवाल ने कहा, "बिरला व्हाइट एक राष्ट्र बनाने के सरकार के विजन को साकार करने के लिए निर्माण उद्योग से जुड़े भागीदारों के निकट सहयोग और साझेदारी में काम कर रहा है।